साहिबगंज : नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार ॥ समेत 2 खबरें

Sahibganj : उधवा प्रखंड के राधानगर थाने की पुलिस ने कबीर टोला निवासी युवक रिंटू शेख को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया है. उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया. यह जानकारी राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि पकड़ा गया रिंटू शेख नकली नोटों को बेलमोड़ स्थित शराब दुकान में खपाने का प्रयास कर रहा था. दुकानदार ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी. थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने दुकान पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया. तलाशी में उसके पास से 500 रुपए के तीन जाली नोट व एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया.एसडीपीओ ने बताया कि इसके बाद उसके घर में छापेमारी की गई, जहां से पुलिस ने 500 रुपए के और दो जाली नोट बरामद किए हैं. बरामद चार जाली नोटों पर एक ही नंबर अंकित है.

Source: https://lagatar.in/sahibganj-youth-arrested-with-fake-currency-notes-ii-including-2-news/